कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में किया गया भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

दिनांक **16 जुलाई , 2022** को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 94वा स्थापना दिवस मनाया गया एवं देश भर के किसानों की कृषि सफलता की कहानी को पूरे देश के सामने रखा गया , जिसका विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड ने बड़े पर्दे पर सजीव प्रसारण किया |

इस मौके पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि वैज्ञानिकों की सराहना की, जिनके वजह से आईसीएआर ने पिछले दशकों के दौरान देश में कृषि के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है. उन्होंने कहा कि अनुसंधान में वैज्ञानिकों के अंशदान और किसानों की कड़ी मेहनत के चलते भारत आज अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन वाला देश बन गया है|

केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ की माननीय अध्यक्षा श्रीमती बीना बिष्ट बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती बीना बिष्ट एवं पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख श्री जोत सिंह बिष्ट द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुवे कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम हमेशा से ही कृषकों की आय बढ़ाने के साथ साथ किसानों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करने में काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे है ।

कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव द्वारा दूर दराज क्षेत्रों से आये हुए किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस बार देश भर के 75000 सफलतम कृषकों की कहानी कों विमोचित किया जा रहा है | उन्होंने किसानों को केन्द्र का परिचय कराने के साथ ही केन्द्र में चलायमान विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया | अपने संबोधन में उन्होनें किसानों से कृषि के विकास के लिये वैज्ञानिक तौर तरीकों को अपनाने एवं बढ़ावा देने की बात कही |

इस अवसर पर केंद्र में कृषक वैज्ञानिक संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कृषको ने अपनी बात और क्षेत्र में हो रही समस्याओ को वैज्ञानिकों के सम्मुख रखा और इन समस्याओ के उचित समाधान एवं केंद्र में चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जाना |

कार्यक्रम के अंत में कृषकों को प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया जहां कृषकों ने विभिन्न सब्जियों की खेती, पालीहाउस, एल डी पी इ टैंक, बीज उत्पादन इकाई, विभिन्न यंत्र एवं मशीनरियों के बारे में जाना | इस दौरान कार्यक्रम में केंद्र से श्रीमती मनीषा आर्य, श्री नीरज जोशी, श्री वरुण सुप्याल, श्री ख्याली राम आर्य, श्री कृषि विभाग के श्री लाल सिंह वर्मा, प्रगतिशील कृषक श्री जीत सिंह राणा, गंगा देवी क्षेत्र के लगभग 80 से अधिक प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे |